**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**प्रादेशिक समाचार 1945 बजे**

**"मुख्य समाचार"**

- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–मोदी सरकार ने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश के विकास के लिए उठाए कई ऐतिहासिक कदम।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा–प्रदेश में राजनीतिक संकट खड़ा करने की भाजपा की साजिश पूरी तरह रही नाकाम।
- भाजपा का आरोप–कांग्रेस के जनविरोधी इरादे खुलकर आए सामने–विरासत से मिली सम्पत्ति छीनने का कर रही प्रयास।
- प्रदेश उच्च न्यायालय में सी.पी.एस. नियुक्ति मामले की अगली सुनवाई 8 व 9 मई को निर्धारित।

**अनुराग**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में देश के विकास के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी वर्गों का समान विकास सुनिश्चित किया है और देश के करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया। अनुराग ठाकुर ने आज हैदराबाद में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ लोगों को पक्के आवास, 13 करोड नल से जल, 12 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ बहनों को रसोई गैस सिलेंडर करीब 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और 60 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को पांच लाख रूपए तक के निशुल्क इलाज की सुविधा दी गई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है जबकि कांग्रेस ने अपने 60 वर्षों के शासनकाल में देश का सिर्फ नुकसान ही किया है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि देश में केवल मोदी की गारंटी चलती है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

**जगत सिंह नेगी**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में राजनैतिक संकट खड़ा करने की भाजपा की साजिश पूरी तरह नाकाम हो चुकी है जिस कारण भाजपा नेता अब बौखलाहट में है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए विधायकों की खरीद फरोख्त की और प्रदेश सरकार के पास हॉर्स ट्रेडिंग के पुख्ता प्रमाण है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा ने सत्ता के लोभ में प्रदेश में राजनैतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की लेकिन प्रदेश में भाजपा का

ऑप्रेशन लोटस पूरी तरह विफल हो गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के साथ है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की जनता बिकाउ राजनीति नहीं बल्कि टिकाउ राजनीति में विश्वास रखती है और एक जून को होने वाले चुनाव में जनता बिकाउ नेताओं को सबक सिखाएगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित छः विधानसभा उप चुनाव में जीत हासिल करेगी।

**राज्यपाल**

हिमाचल प्रदेश वित्त व लेखा सेवा के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में सफल होना उनके समर्पण व कड़ी मेहनत का परिणाम है। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन जनहित में करने का आहवान किया। ये सभी प्रशिक्षु अधिकारी हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

**यूनिवर्सल कार्टन**

प्रदेश में अब सेब 20 किलोग्राम क्षमता वाले यूनिवर्सल कार्टन में पैक होगा। इस संबंध में आज अधिसूचना जारी हो गई है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सेब बागवान लम्बे समय से इसकी मांग कर रहे थे और प्रदेश सरकार ने विधानसभा सत्र के दौरान ही यूनिवर्सल कार्टन लागू करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल कार्टन से बागवानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस विषय में पहले ही कार्टन कम्पनियों को भी जानकारी दे दी गई है ताकि कार्टन की उपलब्धता आसानी से हो सके। जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर प्रदेश में चुनी हुई सरकार को गिराने साजिश रचने का आरोप भी लगाया।

**राष्ट्रपति दौरा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 4 से 8 मई तक शिमला के प्रस्तावित दौरे को लेकर आज शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जुब्बड़हट्टी हवाईअड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने हवाईअड्डे पर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवशयक दिशा–निर्देश भी दिए। बाद में उपायुक्त ने जुब्बड़हट्टी हवाईअड्डा से शिमला मार्ग का भी निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को सभी कमियों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी और अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**स्वीप कार्यक्रम**

निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कुल्लू जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खराहल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान स्वीप टीम के जिला नोडल अधिकारी व नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के उप निदेशक लाल सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व की जानकारी दी। इस बीच अब से कुछ देर बाद 8 बजे आकाशवाणी शिमला से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप पर आधारित विशेष परिचर्चा प्रसारित की जाएगी।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस के जन–विरोधी इरादे अब खुलकर सामने आ रहे हैं और कांग्रेस माता–पिता से मिलने वाली विरासत को भी लोगों से छीनना चाहती है। वे आज चंबा जिला के चुराह मंडल द्वारा भंजराडू में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि मतदाता से संपर्क के लिए पार्टी के कार्यकर्ता को पन्ना प्रमुख का दायित्व दिया जाता है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा ही चंबा जिला के विकास को प्राथमिकता दी है और जिले में कई महत्वकांक्षी व बहुप्रतिक्षित परियोजनाओं को ज़मीन पर उतारा गया। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की दशा आज ये हो गई है कि राज्य में सरकार होने के बावजूद भी पार्टी का कोई बड़ा नेता चुनाव लड़ने के लिए आगे नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार विकास की उल्टी दिशा में चल रही है जिस कारण इनके नेताओं को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर चुनावी तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने भाजपा के कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी राजीव भारद्वाज को भारी मतों से जिताने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

**धूमल**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वित्तीय व संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई, घर, जमीन व जायदाद को जब्त करने की फिराक में है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस व इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र से ये स्पष्ट हो गया है कि आम जनता की सम्पत्ति सुरक्षित नहीं रहेगी। धूमल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को ध्येय बनाकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर कांग्रेस ने हमेशा ही वोट बैंक की राजनीति की है और देश के सभी नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है।

**सीपीएस सुनवाई**

प्रदेश उच्च न्यायालय में सी.पी.एस. नियुक्ति मामले को लेकर तीन दिन तक चली बहस के बाद आज न्यायालय ने अगली सुनवाई 8 और 9 मई को तय की है। सरकार की तरफ से मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से पैरवी करने के लिए याचिका दायर की गई थीं व बहस के लिए और समय की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने दो सप्ताह का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई की

तारीख 8 और 9 मई निर्धारित की है। जानकारी के अनुसार अब सरकार की तरफ़ से इस मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी कर सकते हैं। मामले की जानकारी देते हुए उच्च न्यायालय के एडवोकेट जनरल अनूप रतन ने बताया कि सीपीएस मामले में सरकार ने अपना पक्ष रखा है। कोर्ट को बताया गया है कि सीपीएस की नियुक्तियां कानूनी रूप से की गई है और सीपीएस को किसी प्रकार की फ़ाइल मे फैसला लेने की अनुमति नहीं है बल्कि वे केवल सुझाव दे सकते हैं। इस बीच निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार न होने पर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर आज सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में कल 25 अप्रैल को सुनवाई होगी।

**रणधीर शर्मा**

प्रदेश भाजपा के मीडिया विभाग प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को फूट डालो और राज करो की नीति से प्रभावित बताया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र असमानता पैदा करने वाला है जबकि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में अनेक शिक्षण व स्वास्थ्य संस्थान खोले जिससे समाज के सभी वर्गों को समान रूप से लाभ मिला है। रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अनुभवहीन नेता सरकार चला रहे हैं और ये सरकार भविष्य में फ्लॉप सरकार के रूप में मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है और पिछले 15 महीने के कार्यकाल में कोई जनहित की योजना नहीं बनी और न ही कोई चुनावी वायदा पूरा किया गया। रणधीर शर्मा ने कहा कि 4 जून को देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

**संजय अवस्थी**

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह मज़बूत व स्थिर है और सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अभी भी पूर्ण बहुमत है और 6 विधानसभा उप चुनाव में भाजपा को करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा। संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा ने षडयंत्र के तहत प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का जो प्रयास किया उसमें वो पूरी तरह असफल रही है।